# कार्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षक, राजस्थान, जयपुर

EXECUTIVE ENGINEER WATER RESOUCE DEPARMENT, SIROHI के द्वारा BATTISA NALLAH MINOR IRRIGATION PROJECT कार्य हेतु सिरोही जिले के वन मंडल सिरोही के ग्राम देलदर, ख्यारी, निचलागढ एवं जयादरा ग्रामों की कुल 91.202 हेक्टयर वन भूमि के अनारक्षण के लिए ऑनलाइन प्रस्ताव पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के वेबपोर्टल OSMFWCP पर प्रस्ताव सं. FP/RJ/Water/22443/2016 दिनांक 21.09. 2016 को रजिस्टर किया गया है। मुख्य वन संरक्षक जोधपुर से प्रसताव में पार्ट ।। एवं पार्ट ।।। की पूर्ती के उपरांत प्राप्त हुआ है। प्रस्ताव का परीक्षण किये जाने पर निम्नानुसार टिप्पणी प्रेषित है :–

1. यूजर ऐजेन्सी द्वारा प्रस्ताव में 84 परिवारों का विस्थापन होना अवगत कराया गया है किन्तु प्रस्ताव के साथ सक्षम अधिकारी द्वारा स्वीकृत विस्थापन योजना संलग्न नही की गई है जो संलग्न की जानी अपेक्षित है।
2. उप वन संरक्षक द्वारा पार्ट ।। में FRL – 2 मीटर पर वृक्षों की सूची संलग्न नही की गई है। जो प्रस्तावित है।
3. प्रस्ताव में उप वन संरक्षक वन्यजीव आबूपर्वत द्वारा दिये गये गैर वन भूमि के उपयुक्तता प्रमाण पत्र में भूमि अतिक्रमण से मुक्त एवं अन्य विवादों यथा न्यायालयों के संबंध में (Free from encroachment & all embcrusbment) से मुक्त होने संबंधी तथ्य सम्मिलित नही है। जिसे अंकित किया जाना है।
4. प्रस्ताव में मुख्य वन संरक्षक जोधपुर द्वारा अपने निरीक्षण नोट में अवगत कराया गया है कि 30 से0मी0 से कम के 46000 पौधे डूब क्षैत्र में आ रहे है। अतः उक्त पौधों की सूची संलग्न किया जाना प्रस्तावित है।
5. प्रस्ताव में 3 हार्ड प्रति प्राप्त होना अवशेष है जो दिया जाना प्रस्तावित है।

प्रस्ताव में उक्त सूचना मुख्य वन संरक्षक जोधपुर से ली जानी प्रस्तावित है। अतः प्रस्ताव को मुख्य वन संरक्षक जोधपुर को वापस लौटाये जाकर सूचना भिजवाने हेतु निर्देशित किया जाता है।